बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
**Bihar State Power (Holding) Company Limited**
बिहार सरकार का उपक्रम (A Govt. of Bihar Undertaking)
सामान्य प्रशासन विभाग (Department of General Administration)
GST Number : 10AAFCB2394A2ZD, CIN Number : U40102BR012SGC018495

## आवश्यक सूचना
## नियोजन सूचना संख्या–06/2024 (आंतरिक)

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के नियोजन सूचना संख्या–06/2024 (आंतरिक) के तहत् विभिन्न विज्ञापित पदों पर Computer Based Test के माध्यम से नियुक्ति हेतु पटना जिला में आहुत परीक्षा कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है:–

| Sl. No. | Post | Date | Shift | Shift Time | Reporting Time | Gate Closure |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Assistant and Correspondence Clerk and Store Assistant | 02/06/2025 | S1 | 09.00 AM to 10.30 AM | 7:30 AM | 8:30 AM |
| 2 | Accounts Officer | | S1 | | | |
| 3 | Assistant Electrical Engineer (General)/ Assistant Executive Engineer (GTO) | | S2 | 12.30 PM to 2.00 PM | 11:00 AM | 12:00 PM |
| 4 | Assistant Engineer (Civil) | | S2 | | | |
| 5 | Assistant IT Manager | | S2 | | | |
| 6 | Assistant Law Officer | | S2 | | | |
| 7 | Junior Accounts Clerk | | S2 | | | |
| 8 | Junior Electrical Engineer (General)/ Junior Electrical Engineer (GTO) | | S3 | 04.00 PM to 5.30 PM | 2:30 PM | 3:30 PM |
| 9 | Revenue Officer | | S3 | | | |
| 10 | Junior Engineer (Civil) | 03/06/2025 | S1 | 09.00 AM to 10.30 AM | 7:30 AM | 8:30 AM |

**परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु "प्रवेश–पत्र" दिनांक 22/05/2025 से बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड कम्पनी के अधिकृत बेबसाईट www.bsphcl.co.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। **अभ्यर्थी को अलग से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जायेगा।**

**परीक्षा से संबंधित आवश्यक निदेश :–**

1. परीक्षा में Negative marking का प्रावधान नहीं है। कुल प्रश्न संख्या– 100 होंगे। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी।
2. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में अंकित रिपोर्टिंग टाईम के तहत् परीक्षा केन्द्र पर पहुँचेंगे। **Gate Closure के उपरांत किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।** परीक्षा के समाप्ति के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर जायेंगे।
3. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर **प्रवेश–पत्र (Admit Card) एवं एक फोटोयुक्त पहचान–पत्र की एक छायाप्रति एवं मूल (Original) प्रति के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। मूल (Original) प्रति नहीं होने की स्थिति में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।**
4. अभ्यर्थी Admit Card पर परीक्षा से संबंधित अनुदेशों का अध्ययन कर अक्षरशः अनुपालन करेंगे।
5. अभ्यर्थी को यह हिदायत दी जाती है कि वे परीक्षा केन्द्र पर जूता (shoes)/उँची सैंडल पहन कर नहीं आयें। **चप्पल/सामान्य सैंडल (without heals) ही पहन कर आयें।**
6. परीक्षा केन्द्र में घड़ियॉ, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाऐं, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट्स यथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हेडफोन, पेन–बटन होल कैमरा, स्कैनर, केलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा–कक्ष में अभ्यर्थी के पास पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी/अपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।

7. **परीक्षार्थी को मात्र पारदर्शी पेन (Transparent Pen) Blue/Black लाने की अनुमति होगी।**
8. सभी परीक्षा CCTV की निगरानी में ली जायेगी।
9. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी (Frisking) की प्रक्रिया से गुजरना होगा।
10. **अभ्यर्थी की उपस्थिति IRIS scanner-based biometric authentication एवं बायोमैट्रिक के माध्यम से ली जायेगी।**
11. अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में Rough work के लिए सादा कागज उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे परीक्षा समाप्ति के उपरांत वापस ले लिया जायेगा।
12. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी वीक्षक/पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा–कक्ष से बाहर जाता है तो उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।
13. यदि परीक्षा निर्धारित समय पर आरम्भ नहीं होती है अथवा किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश् बीच में बाधित हो जाती है, तो अभ्यर्थियों को परीक्षा पदाधिकारी के अनुदेशों का अनुशरण करना चाहिए। उन्हें समस्या का उपयुक्त रूप से समाधान होने तक, धैर्य पूर्वक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। हर हाल में सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्न पत्र हल करने के लिए कुल 90 मिनट समय प्राप्त हो।
14. **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत् लिखने में असमर्थ अभ्यर्थी SCRIBE हेतु दिनांक 22/05/2025 से 24/05/2025 तक Email Id - bsphclrecpat@gmail.com पर अनुरोध कर सकते हैं। इस हेतु अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ PHP प्रमाण–पत्र एवं प्रवेश पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में अनुरोध अप्राप्त रहने की स्थिति में SCRIBE उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।**
15. परीक्षार्थियों को CBT से अवगत होने हेतु BSPHCL के website पर Mock Test के लिए Link दिनांक 22/05/2025 से 01/06/2025 तक उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी Log in ID एवं Password दोनों में 1 लिखकर Mock Test का अभ्यास कर सकते हैं।
16. **परीक्षा समाप्ति के उपरांत परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं आदर्श उत्तर (Model Answer) कम्पनी के बेबसाईट पर उपलब्ध कराया जायेगा। किसी प्रश्न के आदर्श उत्तर के विरूद्ध आपत्ति की स्थिति में अभ्यर्थी के द्वारा आपत्ति का आधार/प्रमाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ कम्पनी के बेबसाईट पर दिनांक 10/06/2025 से 12/06/2025 तक उपलब्ध रहने वाले लिंक के माध्यम से निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्न ₹ 200/– (₹ दो सौ मात्र) ऑनलाईन विधि से भुगतान कर निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति (Representation) पर विचार नहीं किया जायेगा।**
17. जिस अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र डाउनलोड नही हो पा रहा हो, वे अपना ऑनलाईन आवेदन की प्रति संलग्न कर **Email Id -** bsphclrecpat@gmail.com अथवा मोबाईल संख्या– **91-9513253397** पर संपर्क कर सकते है।

(हस्ताक्षर) 15/5/25

**महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)**

ज्ञापांक 307..........., पटना/ दिनांक 15.5.2025

प्रतिलिपि : श्री अजय कुमार, डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2– उक्त सूचना को कम्पनी के बेबसाईट पर अपलोड किया जाए।

(हस्ताक्षर) 15/5/25

**महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)**